अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

022 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 8 नवंबर 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

उत्तराखंड छात्रसंघ चुनावों में अभाविप की ऐतिहासिक जीत, 56 छात्रसंघ अध्यक्षों सहित 327 पदों पर अभाविप कार्यकर्ताओं की विजय।

उत्तराखंड में राष्ट्रभक्ति के विचार तथा सतत् सक्रियता को छात्र-छात्राओं ने चुना: याज्ञवल्क्य शुक्ल।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उत्तराखंड के हरिद्वार,रूड़की, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, हल्द्वानी सहित विभिन्न जिलों में स्थित महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 56 महाविद्यालयों में अध्यक्ष तथा 46 महाविद्यालयों में महासचिव के पद सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुल 327 पदों पर जीत दर्ज की है। उत्तराखंड के छात्रसंघ चुनावों में राष्ट्रभक्ति के विचार पर काम करते हुए युवाओं के मुद्दों पर सतत् सक्रिय विद्यार्थी परिषद की जीत अद्भुत तथा ऐतिहासिक है।

उल्लेखनीय हो कि 7 नवंबर को सम्पन्न हुए छात्रसंघ चुनाव में वोटिंग से पहले ही 152 पदों पर अभाविप प्रत्याशियों की शानदार निर्विरोध विजय सुनिश्चित हो गई थी, जिसमें अध्यक्ष पद पर 22, उपाध्यक्ष पद पर 19, महासचिव पद पर 23, सहसचिव पद पर 21, कोषाध्यक्ष पद पर 20, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर 25, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर 11 एवं सांस्कृतिक सचिव के 11 पदों पर अभाविप प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज की थी।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि उत्तराखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के छात्रसंघ चुनावों में विद्यार्थी परिषद को चुनने हेतु सभी विद्यार्थियों को आभार तथा बधाई। अभाविप कोरोना का प्रभाव कम पड़ने के बाद से ही देशभर के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव आयोजित कराने की मांग कर रही है तथा इस वर्ष जहां-जहां छात्रसंघ चुनाव हुए हैं वहां अभाविप प्रमुख छात्र संगठन के रूप में सामने आया है। हम छात्र तथा युवा केन्द्रित मुद्दों को मजबूती के साथ उठा रहे हैं, विद्यार्थी परिषद, युवाओं के साथ मिलकर निरंतर गतिशीलता से सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य करेगी।

अभाविप उत्तराखंड के प्रदेश मंत्री रितांशु कंडारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद उत्तराखंड में युवाओं के रोजगार, परिसरों की स्थानीय समस्याओं तथा सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता आदि के मुद्दों पर बीते वर्ष लगातार मुखर रही है, मंगलवार उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में स्थित महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में संपन्न हुए छात्रसंघ चुनावों में जीत विद्यार्थी परिषद की छात्रों के बीच सतत् सक्रियता का परिणाम है। राष्ट्रभक्ति तथा भारतीयता केन्द्रित विचारों पर काम करने के कारण विद्यार्थी परिषद उत्तराखंड के छात्रों की प्रथम वरीय छात्र संगठन बना है।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गई है।)